## गणित-2

दिए गए दो अंकों की मदद से सबसे छोटी व सबसे बड़ी संख्या बनाना।

### आओ कुछ संख्याएँ बनाएँ।

१. यदि हमें ५ और २, दो अंक दिए गए हैं तो इनसे मिलकर बनने वाली संख्याएँ होंगी- ५२ और २५

२. ३ और ७ से बनने वाली संख्याएँ होंगी- ३७ और ७३

अब १ से ९ तक के अंक कार्ड लो। इनमें से कोई दो कार्ड निकालो। इन्हें अलग-अलग तरह से ऐसे जमाओ कि अलग-अलग संख्याएँ बनें।

इसी तरह दो-दो कार्ड निकालते जाओ और हर बार बनने वाली संख्याएँ अपने साथियों को बताओ।

### करके सीखो

दिए गए अंकों से संख्याएँ बनाओ।

(१) ७, २, ..............., ...............

(२) ५, ८, ..............., ...............

(३) ३, ३, ..............., ...............

(४) ६, ४, ..............., ...............


(५) ७, ८, ..............., ...............

(६) ९, ९, ..............., ...............

१ से ९ तक के अंक कार्ड के दो सेट लो। इनमें से कोई दो कार्ड निकालो इनसे बनने वाली संख्याएँ लिखो। बताओ दो अंकों की सबसे छोटी और सबसे बड़ी संख्या कौन-कौन सी हैं ?


समूह बनाओ।

दो दो के समूह बनाओ




कितने फूल हैं
कितने समूह बने
कितने फूल बचे

तीन-तीन के समूह बनाओ




कितने फूल हैं
कितने समूह बने
कितने फूल बचे

चार-चार के समूह बनाओ




कितने फूल हैं
कितने समूह बने
कितने फूल बचे

पांच-पांच के समूह बनाओ



कितने फूल हैं
कितने समूह बने
कितने फूल बचे

दस-दस के समूह बनाओ



कितने फूल हैं
कितने समूह बने
कितने फूल बचे

ऐसे ही और नए समूह बनाओ।

# गणित-2


## अंकों को शब्दों में लिखना।


| अंक | शब्द | अंक | शब्द |
|---|---|---|---|
| १ | एक | ११ | ग्यारह |
| २ | दो | १२ | बारह |
| ३ | तीन | १३ | तेरह |
| ४ | चार | १४ | चौदह |
| ५ | पाँच | १५ | पंद्रह |
| ६ | छः | १६ | सोलह |
| ७ | सात | १७ | सतरह |
| ८ | आठ | १८ | अठारह |
| ९ | नौ | १९ | उन्नीस |
| १० | दस | २० | बीस |


इन अंकों को शब्दों में लिखो -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | | १५ | | २ | |
| ५ | | १८ | | ४ | |
| ८ | | २० | | १३ | |
| १० | | ९ | | १७ | |
| १२ | | ६ | | १४ | |

कुछ और सवाल





| दृ | इ. |
|---|---|
| (१ ← | |
| २ | ६ |
| + १ | ८ |
| ३ (१) | ४ |

| दृ | इ. |
|---|---|
| १ | |
| २ | ६ |
| + १ | ८ |
| ४ | ४ |

तुम भी जोड़ो –

  ३ ६
+ २ ०

---

  ५ ५
+ १ ६

---

  ६ ०
+ २ ८


---

  ३ ५
+ २ ५

---


  ७ ४
+ १ ८


---


१०० ९९ ९८ ९७ ९६ ९५ ९४ ९३ ९२ ९१
८१ ८२ ८३ ८४ ८५ ८६ ८७ ८८ ८९ ९०
८० ७९ ७८ ७७ ७६ ७५ ७४ ७३ ७२ ७१
६१ ६२ ६३ ६४ ६५ ६६ ६७ ६८ ६९ ७०
६० ५९ ५८ ५७ ५६ ५५ ५४ ५३ ५२ ५१
४१ ४२ ४३ ४४ ४५ ४६ ४७ ४८ ४९ ५०
४० ३९ ३८ ३७ ३६ ३५ ३४ ३३ ३२ ३१
२१ २२ २३ २४ २५ २६ २७ २८ २९ ३०
२० १९ १८ १७ १६ १५ १४ १३ १२ ११
२ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १०

# गणित-2


कितने बचे, गिनकर लिखो।




गेंद आठ सीढ़ी ऊपर गई और तीन सीढ़ी नीचे आई, तो कहाँ पहुँची?
गेंद नौ सीढ़ी ऊपर गई और सात सीढ़ी नीचे आई तो कहाँ पहुँची?


संख्या रेखा पर दी गई संख्याएँ देखो और खाली स्थान भरो।






ऐसे और भी सवाल संख्या रेखा पर बनाओ और दोस्तों को भी हल करने को दो।


## गणित-2

कुछ और सवाल




हल करो

66 − 34 =

65 − 23 =

78 − 45 =

38 − 16 =

१. रंजीता के घर जामुन के १६ पेड़ और सीताफल के २४ पेड़ लगे हुए हैं। बताओ रंजीता के घर कुल कितने पेड़ लगे हुए हैं।


२. हेमा ने ७८ रुपये के गुलाब जामुन और ४५ रुपये की जलेबियाँ खरीदीं। उसने कुल कितने रुपये की मिठाइयाँ खरीदीं?


३. एक खेत में बैंगन के २६ पौधे लगे हैं। दूसरे खेत में चने के ३३ पौधे लगे हैं। दोनों खेतों में कुल कितने पौधे लगे हुए हैं?

४. प्रिया के पास १६ किताबें हैं और समीर के पास २० किताबें है। दोनों को १०-१० किताबें और मिल गईं। अब दोनों के पास कितनी कितनी किताबें हो गई?

५. दिनेश के पास २५ बकरियाँ थीं। उसने १६ बकरियाँ और खरीद लीं। अब उसके पास कुल कितनी बकरियाँ हो गईं?


आखिर थैली खोलनी ही पड़ी।









चर्चा करके इसके लिए कहानी बनाओ।
चाचा जी को थैली क्यों खोलनी पड़ी?

अगर पाँच बच्चे होते तो कितनी बंद थैली बचती?

अगर पाँच बच्चे होते तो खुली थैली में कितने लड्डू बचते?

इन्हें समझो और हल करो।

36 में से 19 घटाओ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (२) | (१६) | | | |
| | ३ | ६ | ~~३~~ | ~~६~~ | | ३ | ६ |
| − | १ | ९ | − १ | ९ | − | १ | ९ |
| | | | | | | १ | ७ |

36 − 19 = 17

72 में से 48 घटाओ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (६) | (१२) | | (६) | (१२) |
| | ७ | २ | ~~७~~ | ~~२~~ | | ~~७~~ | ~~२~~ |
| − | ४ | ८ | − ४ | ८ | − | ४ | ८ |
| | | | | | | २ | ४ |

72 − 48 = 24

43 में से 26 घटाओ।

| | | |
|---|---|---|
| | (३) | (१३) |
| | ४ | ३ |
| − | २ | ६ |
| | १ | ७ |

55 में से 28 घटाओ।

| | | |
|---|---|---|
| | (४) | (१५) |
| | ५ | ५ |
| − | २ | ८ |
| | २ | ७ |

40 में से 18 घटाओ।

| | | |
|---|---|---|
| | (३) | (१०) |
| | ४ | ० |
| − | १ | ८ |
| | २ | २ |

60 में से 46 घटाओ।

| | | |
|---|---|---|
| | (५) | (१०) |
| | ६ | ० |
| − | ४ | ६ |
| | १ | ४ |

हल करके देखो

47 − 18
50 − 13
51 − 12
67 − 48

32 − 12
44 − 29
56 − 39
80 − 34

# गणित-2

हल करो -

१. रश्मि के घर ४६ बत्तखें थीं। उसने २४ बत्तखें बेच दीं। अब उसके घर कितनी बत्तखें बचीं?

२. तनु ७४ रुपये लेकर बाजार गई। उसने ५२ रुपये की कापियाँ खरीदीं। अब उसके पास कितने रुपये बचे?

३. चाँदनी के घर फ्रीज में आइसक्रीम के २४ कप रखे हुए थे। चाँदनी ने उनमें से १७ कप अपनी सहेलियों में बाँट दिए। अब फ्रीज में आइसक्रीम के कितने कप बच गए?

४. रिंकी को १७ रुपये उसके चाचाजी ने दिए। उसके पास अब २५ रुपये हो गए। उसके पास पहले कितने रुपये थे?

५. अभय जब मेला देखकर लौटा तो उसके पास ६ रुपये बचे थे। उसने मेले में १३ रुपये की एक कार खरीदी थी। बताओ, वह कितने रुपये लेकर मेला देखने गया था।

## कुछ और सवाल

१. विवेक और अभय ने मिलकर ५६ बेर तोड़े उन्होंने उसमें से ३३ बेर अंकित को दे दिए। अब दोनों के पास कितने बेर बचे?

२. ईशान ने अपनी बाड़ी में अमरुद के ५३ पेड़ लगाए। उसमें से १६ पेड़ गर्मी में मर गए। अब ईशान की बाड़ी में अमरूद के कितने पेड़ बचे?

३. अनिल ८४ कटहल लेकर बाजार गया। ४२ कटहल बाजार में बिक गए। उसके पास अब कितने कटहल बचे?

४. दीपक के पुस्तकालय में २३ किताबें थीं। उसने २८ किताबें और खरीद लीं। अब दीपक के पुस्तकालय में कितनी किताबें हो गईं?

५. रीना और रीता माला गूँथ रही थीं। रीना ने माला में मोंगरे के ३३ फूल पिरोए और रीता ने २७ फूल पिरोए। दोनों ने मिलकर माला में कुल कितने फूल पिरोए?

एक-एक संख्या छोड़ कर
घेरा लगाओ चुनमुन




घेरे लगी संख्याएँ लिखो

अपनी स्लेट पर भी ५० तक गिनती लिखो, दो-दो संख्याएँ, छोड़ कर घेरा लगाओ। घेरे लगी संख्याएँ लिखो। ऐसा ही चार-चार व नौ-नौ संख्याएँ छोड़ कर भी करो।


इन्हें भी करो।



एक समूह में कितनी वस्तुएँ हैं? =

ऐसे कितने समूह हैं? =


कुल कितनी वस्तुएँ हैं– .......+.......+........ =



एक समूह में कितनी वस्तुएँ हैं? =

ऐसे कितने समूह हैं? =

कुल कितनी वस्तुएँ हैं– ....+....+....+....+.... =





एक समूह में कितनी वस्तुएँ हैं? =

ऐसे कितने समूह हैं? =

कुल कितनी वस्तुएँ हैं– ....+....+....+....+.... =

## गुणा का चिह्न





| | | |
|---|---|---|
| एक समूह में कितनी छतरी हैं? | = | |
| ऐसे कितने समूह हैं? | = | |
| कुल छतरी हैं | = 3 + 3 | (3 का समूह आया 2 बार = 6) |
| इसको ऐसे भी लिखते हैं 3 × 2 | = 6 | (3 गुणा 2 = 6) |









| | | |
|---|---|---|
| एक समूह में कितने गिलास हैं? | = | |
| ऐसे कितने समूह हैं? | = | |
| कुल कितने गिलास हैं– | = | |
| 2 का समूह आया 4 बार | = 8 | (2 गुणा 4 = 8) |
| इसको ऐसा भी लिखते हैं 2 × 4 | = 8 | |

गुणा माने बार-बार जोड़ना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| २+२+२ | = | | ३+३+३+३ | = | |
| २×३ | = | | ३×४ | = | |
| ३+३ | = | | ५+५+५ | = | |
| ३ ×२ | = | | ..... ---×३ | = | |
| ४+४ | = | | ३+३+३+३+३ | = | |
| ४×.... | = | | ३ ×..... | = | |
| ६+६ | = | | ८+८+८+८ | = | |
| ६× ..... | = | | ..... ..... | = | |
| ४×३ | = | | ७+७+७ | = | |
| ..+..+... | = | | .... ..... | = | |

# गणित-2

## तिपाइयों की कितनी टांगें?

शहनाज़ और अली को उनकी अम्मी ने घर की तिपाई तथा मेज़ों की टांगों के नीचे ईंट के टुकड़े रखने को कहा। शहनाज़ ने कहा मैं तो तिपाइयों के नीचे ही रखूंगी। अली बोला ठीक है मैं मेज़ की टांगों के नीचे रख देता हूँ।



**शहनाज़ ने अपने लिए यह सारणी बनाई**

| | | |
|---|---|---|
| एक तिपाई | ३ टांगें | ३ × १ = ३ |
| दो तिपाई | ३ + ३ टांगें | ३ × २ = ६ |
| तीन तिपाई | ३ + ३ + ३ टांगें | ३ × ३ = ९ |

शहनाज़ ने कहा मैं तिपाई गिन लूंगी और पता कर लूंगी कुल कितनी टांगें हैं उतने ही टुकड़े ले आऊँगी। आप शहनाज की अधूरी सारणी को पूरा करो और बताओ कि आठ तिपाइयों की कितनी टांगें हैं।

ऐसी ही सारणी अली के लिए भी बनाओ।

**सब कुछ हुआ शून्य।**

हमने एक अंक की संख्या को एक अंक की संख्या से गुणा करना सीखा जैसे ३ × ६, ४ × २.... आदि।


यदि हमें किसी संख्या में शून्य से गुणा करना पड़े तो हम क्या करेंगे? जैसे ० × ३ = ?

३ × ३ = ३+३+३



३ तीन बार आया। कुल ९ वस्तुएँ हो गईं।

२×३ = २+२+२



२ तीन बार आया। कुल ६ वस्तुएँ हो गईं।

१×३ = १+१+१



१ तीन बार आया। कुल ३ वस्तुएँ हो गईं।

०×३ = ०+०+०




० तीन बार आया। कुल ० वस्तु रही।

इसीलिए ०×३ = ०

अब बताओ ०×६, ०×८, ०×१० कितना होगा?


**अब ४× ० को देखो**

४×३ = ४+४+४



४ तीन बार आया। कुल १२ वस्तुएँ हो गई।

४×२ = ४+४




४ दो बार आया। कुल ८ वस्तुएँ हो गई।

४×१ = ४



४ एक बार आया। कुल ४ वस्तुएँ हो गई।

४×० = ०



४ शून्य बार आया और कोई वस्तु नहीं हुई।

इसीलिए ४×० = ०

इसी प्रकार ५×० = ० ६×० = ० ३×० = ०

शून्य में किसी भी संख्या से गुणा करें या किसी संख्या में शून्य का गुणा करें तो शून्य ही आता है।

१ से १० तक के पहाड़े बनाओ -

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २ | | | ५ | | | | | १० |
| | | | | १० | | | | | |
| | | | | १५ | | | | | |
| | | | | २० | | | | | |
| | १० | १५ | २० | २५ | ३० | ३५ | ४० | ४५ | ५० |
| | | | | ३० | | | | | |
| | | | | ३५ | | | | | |
| | | | | ४० | | | | | |
| | | | | ४५ | | | | | |
| १० | | | | ५० | | | | ६० | |

पहाड़े पूछो










ये सभी खेल तुम भी खेलो।

हल करो -

१. एक जोड़ी चप्पल में २ चप्पलें होती हैं। ३ जोड़ी चप्पलों में कितनी चप्पलें होंगी?

२. तुलेश के ५ बगीचे हैं। हर बगीचे में आम के ६-६ पेड़ हैं। तुलेश के बगीचे में आम के कुल कितने पेड़ है?


३. माही मूँगफली के बीज इकट्ठे कर रही थी। उसके पास ८ मूँगफलियाँ थी। हर मूँगफली में ३-३ बीज थे। बताओ उसे कुल कितने बीज मिले।

४. प्रीति क्यारियों में अरहर के बीज बोना चाहती है। उसके यहाँ ६ क्यारियाँ हैं। हर क्यारी में ५ बीज बोने हैं। उसे अरहर के कुल कितने बीज चाहिए?

५. एक चारपाई में ४ पाये होते हैं। ७ चारपाइयों में कितने पाये होंगे?

## कैसे बाँटें बराबर-बराबर

मीना के पास दस कंचे हैं। वह चुन्नू और गुड़िया को बराबर-बराबर कंचे बाँटना चाहती है।



क्या तुम मीना की मदद करोगे?

दस कंचे लो।

चुन्नु और गुड़िया के लिए अलग-अलग घेरे बनाओ।

कंचे बाँट कर देखो।



अब इसी तरह -

छः कंचे लेकर तीन घेरों में बाँटो।

बारह कंचे लेकर चार घेरों में बाँटो।

अब अपने मन से कुछ कंचे लो, कुछ घेरे बनाओ और उनमें बराबर संख्या में कंचे रखो।

## किताबों का बँटवारा




८



८ - २ = ☐



६ - २ = ☐



४ - २ = ☐



२ - २ = ☐

आठ किताबें थीं। दो–दो किताबें चार बार निकाली जा सकीं।

अब तुम भी अपने साथियों के साथ मिलकर अलग–अलग संख्या में कुछ चीजें इकट्ठी करो।

उनमें से दो–दो चीजें निकालो, कितनी बार में सभी चीजें निकल गईं?

क्या कुछ चीजें बचीं? कितनी बचीं?

उन संख्याओं को एक साथ लिखो जिनमें से दो–दो निकालने पर कुछ नहीं बचा।

## कुछ और सवाल -

१. महेश के स्कूल-मैदान में १० पेड़ नीम के और २१ पेड़ आम के लगाए गए हैं। महेश के स्कूल-मैदान में कुल कितने पेड़ लगाए गए हैं?

२. नवीन के घर में चावल की बोरी में ४० किलोग्राम चावल था। उसमें से १४ किलोग्राम चावल घर में उपयोग कर लिया गया। बताओ बोरी में अब कितने किलोग्राम चावल बचा है।


३. विमला को एक दिन में दवा की ३ गोलियाँ खानी पड़ती हैं। यदि उसे ७ दिनों तक दवा खानी पड़े तो कितनी गोलियों की आवश्यकता होगी?

४. लता के पास ५०० रुपये का १ नोट था। वह उस नोट के बदले चिल्हर लेने दुकान गई। दुकानदार ने उसे २०-२० रुपये के नोट दिए। उसने लता को २० रुपये के कितने नोट दिए होंगे?


५. एक कमरे में ६ चारपाइयाँ बिछानी हैं। ३६ चारपाइयाँ बिछाने के लिए कितने कमरों की जरुरत होगी?

दहाई - इकाई


| | | दहाई | इकाई |
|---|---|---|---|
| १. | १५ | १ | ५ |
| २. | २१ | | |
| ३. | ४३ | | |
| ४. | ३५ | | |
| ५. | ५२ | | |
| ६. | ६७ | | ५ |




□ दहाई + □ इकाई




□ दहाई + □ इकाई




□ दहाई + □ इकाई

केवल इकाई लिखो -

५ ६ → □

६ ४ → □

३ ८ → □

७ ३ → □

केवल दहाई लिखो -

८ ९


६ ३

३ ६


४ ५

२ ५

२ ३




देखो और लिखो -



# यदि आपके घर में कोई श्रवणबाधित बच्चा हो तो–



- जैसे ही इस बात की शंका हो कि बच्चे को सुनने में कठिनाई है, कान बहना या दर्द है, तब तुरंत ही नाक, कान, गला विशेषज्ञ डाक्टर के पास जाएं तथा उपचार के विषय में चर्चा करें।
- कुछ मामलों में सुनने की समस्या का निराकरण सही समय पर दवाइयों के प्रयोग से तथा शल्य क्रिया की सहायता से किया जा सकता है।
- बहुत देर होने से कान की आंतरिक संरचना में क्षति पहुंचने से श्रवण दोष उत्पन्न हो सकता है।
- श्रवण दोष का पता चलते ही उसे विशेषज्ञ की सलाह से सही श्रवण यंत्र पहनाए।
- समय रहते बहरापन का पता लगाना अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चे के जीवन के आरंभिक वर्षों में उसका मस्तिष्क बहुत कोमल होता है वह भाषा बड़ी तेजी से सीखता है यदि बच्चे की सुनने की परेशानी को जल्दी न पहचाना जाए और उसकी समुचित सहायता न की जाए तो बच्चे की 0–7 वर्ष की अवस्था जो कि भाषा सीखने में बहुत ही महत्वपूर्ण होती है व्यर्थ चली जाती है। जितनी जल्दी विशिष्ट प्रशिक्षण आरम्भ होगा उतना ही भाषा को समझने व अपने आपको व्यक्त करने में वह सफल होगा।
- माता पिता अपने बच्चे को श्रवण यंत्र लगाकर विभिन्न आवाज़ों में भेद तथा पहचान करना सिखाएँ। विभिन्न आवाज़ों को पहचानने का प्रशिक्षण बहुत आवश्यक है।
- अलग–अलग आवाज़ें निकालकर बच्चों को उन्हें पहचानने के लिए प्रोत्साहित करें। उदाहरण के लिए जब कुत्ता भौंके अथवा बच्चा रोए तो साफ और ऊंचे स्वर में उससे कहें ''कुत्ते की आवाज़ सुनो'', ''बच्चा रो रहा है'' तथा अगली बार बच्चे से पूछें कि किसकी आवाज़ है और सही उत्तर देने पर उसे प्रोत्साहित करें।
- बच्चे से बात करते वक्त यह ध्यान रखें कि आपके मुंह में कुछ न हो जैसे पान, सुपारी आदि। बात करते वक्त धीरे व साफ बोलें जिससे वह आपके होंठों के संकेतों से भी बात समझने की कोशिश करेगा।
- एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि श्रवण यंत्र को श्रवणबाधित बच्चा लगातार पहना रहे। तभी वह आवाज़ों को पहचान/समझ पायेगा।
- इशारों का प्रयोग जहां तक संभव हो कम करें तथा बात को बोलकर ही समझाएं। इससे बच्चा होंठ पठन के माध्यम से समझने में सक्षम होगा और जीवन में कहीं भी लोगों की बातें समझ सकेगा तथा अपनी बात समझा सकेगा।

Copyright © 2006 ARUSHI. All rights reserved.